क्रिसमस की कहानी

दीपक : जॉन, क्रिसमस की तैयारी हो रही है ?

जॉन : कोई ख़ास नहीं, लेकिन धीरे-धीरे आगे बढ़ रही है |

दीपक : तुम्हारे रिश्तेदार तो इलाहाबाद में हैं न ? वे आ रहे हैं ?

जॉन : हाँ, मेरी फूफी और फूफा परिवार आ रहा है | कुल मिलाकर दस मेहमान आ रहे हैं |

दीपक : मुझे एक कहानी यास आ रही है | वह मुझे बहुत पसंद है | ऐसा लगता है, मैं वह दृश्य ख़ुद देख रहा हूँ |

जॉन : क्रिसमस की कहानी है ?

दीपक : हाँ, क्रिस्मन की कहानी है | तुम भी मेरे साथ कल्पना करो और देखो |

जॉन : तब तो बड़ी दिलचस्प है | सुनाओ |

दीपक : चर्च में बहुत लोग जा रहे हैं | क्रिसमस का दिन है | लोग पुष्प-गुच्छ और उपहार से माता मरियम को श्रद्धांजलि देने जा रहे हैं | लेकिन एक आदमी अन्दर नहीं जा रहा है |

जॉन : क्यों ? उसे क्या तकलीफ़ है ?

दीपक : तकलीफ़ नहीं दोस्त | वह ग़रीब है | उसके कपड़े गंदे हैं | वह नट है |

जॉन : तो फिर वह चर्च में नहीं जा रहा है ?

दीपक : जा रहा है, लेकिन आधी रात को | वह इंतजार कर रहा है कि कब चर्च ख़ाली हो |

जॉन : तो ?

दीपक : वह अन्दर जा रहा है और माता मरियम को अपने कलाबाज़ी दिखा रहा है | उसी समय पादरी बाहर आ रहा है और नट को डाँट रहा है | लेकिन माता मरियम निचे उतर रही हैं और नट को आशीष दे रही हैं |

जॉन : सचमुच कहानी रोमांचक है | किसकी कहानी है यह ?

दीपक : मशहूर फ्रांसीसी लेखक अनातोले फ़्रांस की है |

1- Geniş zaman konusu işlenerek cümle içinde geçen geniş zaman örneklerinin analizini yapmak.